पत्र संख्या–1/स्था0 (4) 02/2024 (खंड–2)–....................../

**बिहार सरकार**

**डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग**

प्रेषक,

नीरज कुमार देवनाथ,
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

सभी क्षेत्रीय निदेशक, पशुपालन, बिहार।

सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी, बिहार।

सभी पशु शल्य चिकित्सक, बिहार।

सभी अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी, बिहार।

पटना–15, दिनांक– /2026

**विषय :– बिहार पशु चिकित्सा सेवा के पदाधिकारियों की सेवा सम्पुष्टि के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार पशु चिकित्सा सेवा नियमावली, 2014 में प्रावधान किया गया है कि दो वर्षों की संतोषप्रद परिवीक्षा अवधि के उपरांत सेवा सम्पुष्ट की जायेगी, परंतु सामान्य प्रशासन विभागीय अधिसूचना संख्या–3454, दिनांक–28.02.2024 के द्वारा सीधी भर्त्ती से नियुक्त सरकारी सेवकों के लिए 01 (एक) वर्ष का परिवीक्षा अवधि निर्धारित किया गया है। उक्त प्रावधान के अनुसार सेवा सम्पुष्टि हेतु परिवीक्षा अवधि में सेवा संतोषजनक रहने, निर्धारित प्रवेशकालीन प्रशिक्षण पूरा करने, निर्धारित विभागीय परीक्षा के सभी पत्रों में उत्तीर्णता प्राप्त करने तथा संबंधित सेवा/संवर्ग नियमावली में सेवा सम्पुष्टि हेतु निर्धारित अन्य अपेक्षाओं को पूरा करने के उपरांत सरकारी सेवक की सेवा सम्पुष्ट की जा सकेगी।

अतः अनुरोध है कि अपने–अपने क्षेत्राधिकार अंतर्गत सेवा सम्पुष्टि हेतु अपेक्षित सभी मापदंडों को पूर्ण करने वाले कार्यरत बिहार पशु चिकित्सा सेवा के पदाधिकारियों का सेवा सम्पुष्टि के लिए वांछित दस्तावेज के साथ आवेदन अग्रसारित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

ह0/–

**सरकार के अवर सचिव।**

**ज्ञापांकः–1/स्था0 (4) 02/2024 (खंड–2)–4428...../पटना–15, दिनांक– 17/08 /2026**

**प्रतिलिपिः**–आई०टी० प्रबंधक, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सभी संबंधित पदाधिकारी को ई–मेल करने एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**सरकार के अवर सचिव।**